कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 13.10.2022

/ / प्रेस विज्ञप्ति / /

गर्ल्स कॉलेज में

फूटबॉल प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज विजेता

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालयीन महिला फूटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में किया गया। जिसमें कन्या महाविद्यालय दुर्ग की टीम विजेता रहीं।

इस प्रतियोगिता में कुल 04 टीम के लगभग 60 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति से खेली गई। फाईनल में शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग ने शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग को एकतरफा 4–0 से परास्त किया।

महाविद्यालय की टीम में निशा भोई कप्तान, चांदनी नेताम, हीना निर्मलकर, उर्मिला निर्मलकर, लक्ष्मी सिन्हा, नंदिनी देवांगन, योगेश्वरी निषाद (गोल कीपर), रेणु यादव, सुमन यादव, नंदिनी निर्मलकर, श्रुति यादव, गुंजन ग्वाल, कुमकुम साहू, सरस्वती गेंडरे। टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे, प्रशिक्षक श्री मुकेश श्रीवास्तव थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी।

पिछले वर्ष हेमचंद यादव विश्वविद्यालय टीम में महाविद्यालय के बारह खिलाड़ी चयनीत हुए थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)